Title: Need for early construction of a hospital at Kotsilla in Purulia Parliamentary Constituency, West Bengal.

श्री बीर सिंह महतो (पुरूलिया) : सभापति महोदय, मैं नियम 377 के अधीन सरकार का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र पुरुलिया में बीड़ी श्रमिकों के लिए एक अस्पताल खोले जाने हेतु दिलाना चाहता हूं। इस संसदीय क्षेत्र के कोटसिल्ला क्षेत्र में बीड़ी श्रमिकों के लिए एक अस्पताल स्वीकृत हुए कई साल बीत गए हैं, परन्तु अभी तक सरकार ने उक्त अस्पताल नहीं खोला है। सरकार बड़े-बड़े शहरों में प्राइवेट अस्पतालों को खोलने हेतु आर्थिक मदद कर रही है। उन्हें सस्ती जमीन और सस्ती दर पर बिजली व पानी दे रही है, लेकिन दूसरी तरफ जो स्कूल सरकार ने स्वीकृत किए उन्हें भी नहीं खोल रही है। मेरे संसदीय क्षेत्र में बड़ी संख्या में बीड़ी मजदूर ऐसे माहौल में काम करते हैं जहां समय-समय पर वे बीमार पड़ते रहते हैं।

अतः केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि पुरुलिया के कोटसिल्ला क्षेत्र में बीड़ी मजदूरों के लिए स्वीकृत अस्पताल को शीघ्र खोला जाए।